✷ पूर्वी द्वीप समूह का वह द्वीप जो तीन देशों में विभाजित है **—बोर्नियो**

✷ कालीमंतन जिस द्वीप का अंग है, वह है **—बोर्नियो**

✷ मेडागास्कर सबसे बड़ा द्वीप है **—हिन्द महासागर में**

✷ नीचे दिए गए मानचित्र में हिन्द महासागर क्षेत्र के चार द्वीप अर्थात A सेशेल्स, B चागोस, C मॉरीशस और D सोकोवा को 1, 2, 3 और 4 के रूप में अंकित किया गया है। इनका इस प्रकार से सुमेलन है-



—(1) चागोस (2) सोकोवा (3) सेशेल्स (4) मॉरीशस

✷ चागोस, मालद्वीव, मॉरीशस एवं सेकेलीज द्वीपों में से दक्षिणी हिन्द महासागर में स्थित है **—मॉरीशस द्वीप**

✷ मेलनेसिया द्वीपसमूह में सम्मिलित हैं **—न्यू गिनी, बिस्मार्क आर्कियोपेलागो, सांताक्रूज, वनुआतु, सोलोमन, फिजी एवं न्यूकैलेडोनियो**

✷ डियागो गार्सिया स्थित है **—हिन्द महासागर में**

✷ नीचे दिए हुए मानचित्र पर ध्यान दीजिए–



1, 2, 3 और 4 से अंकित स्थान क्रमशः द्वीपों के द्योतक हैं **—एजोर, वर्डे अंतरीप, बहामा और फॉकलैंड**

✷ सही कथन है **—फॉकलैंड द्वीपसमूह दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित है।**

✷ फिजी द्वीप अवस्थित है **—प्रशान्त महासागर में**

✷ जापान का विशालतम द्वीप है **—होन्शू**

✷ मकाओ द्वीप का चीन को स्थानांतरण हुआ था **—वर्ष 1999 में**

✷ बालिआरिक द्वीपसमूह स्थित है **—भूमध्य सागर में**

✷ वह नदी जिस पर विश्व का सबसे बड़ा 'नदी द्वीप' है **—ब्रह्मपुत्र**

✷ द्वीपीय महाद्वीप है **—ऑस्ट्रेलिया**

✷ ग्रेनाडा द्वीप अवस्थित है **—कैरीबियन सागर में**

झीलें एवं जल प्रपात

✷ विश्व की दूसरी सबसे गहरी तथा सबसे लंबी झील है **—टांगानिका झील**

✷ बियर, सुपीरियर, ह्यूरोन तथा मिशिगन झीलों में से एक 'ग्रेट लेक्स' का हिस्सा नहीं है **—बियर झील**

✷ संयुक्त राज्य अमेरिका की वृहत झीलों का पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम है **—ओंटेरियो-ईरी-ह्यूरान - मिशिगन-सुपीरियर**

✷ वह झील जो पूर्णतः यू.एस.ए.में स्थित है **—मिशिगन झील**

✷ झीलों का क्षेत्रफल की दृष्टि से सही अवरोही क्रम है- **—सुपीरियर, विक्टोरिया, बैकाल, ग्रेट बियर**

✷ विश्व की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है **—लेक सुपीरियर**

अगर आप घटना चक्र या दृष्टि की कोई भी स्टडी मटेरियल [PDF] डाउनलोड करना चाहते हैं तो इस टेलीग्राम ग्रुप को ज्वाइन कर लीजिये | - CLICK

Join us on Telegram

Telegram पर @GhatnaChakraPDF ग्रुप ज्वाइन करने के लिए यहाँ CLICK कीजिये
Telegram पर @GhatnaChakraPDF ग्रुप ज्वाइन करने के लिए यहाँ CLICK कीजिये
Search @GhatnaChakraPDF on Telegram

- विश्व की प्राचीनतम तथा सबसे गहरी झील है **—बैकाल झील**
- क्षेत्रफल और आयतन के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी झील है **—कैस्पियन सागर**
- प्रसिद्ध 'अंगुलियोंनुमा (फिंगर) झील क्षेत्र' स्थित है **—संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A.) में**
- 'झीलों की वाटिका' कहते हैं **—फिनलैंड**
- 'एक हजार झीलों का देश' कहा जाता है **—फिनलैंड को**
- सही सुमेलन है-

(झील)		(देश)
ब्वॉयलिंग झील	-	डोमिनिका
फाइव फ्लॉवर झील	-	सिचुआन (चीन)
रेड लैगून	-	बोलिविया
ग्रेट स्लेव झील	-	कनाडा

- वह नगर जो सुपीरियर झील पर स्थित है **—डुलुथ**
- सही सुमेलित है-

झीलें		देश
टिटिकाका झील	-	बोलिविया-पेरू
उर्मिया झील	-	ईरान
रेंडीयर झील	-	कनाडा
अथाबास्का झील	-	कनाडा

- संसार का सबसे ऊंचा जलप्रपात है **—साल्टो एंजिल**
- एंजिल प्रपात अवस्थित है **—वेनेजुएला में**
- विक्टोरिया जल प्रपात जिस नदी से संबद्ध है वह है **—जाम्बेजी**
- क्रोएशिया की प्लिटविस झील है **—विश्व धरोहर स्थल**
- सही सुमेलन है-

सूची-I		सूची-II
विश्व का सबसे ऊंचा जल प्रपात	-	एंजिल जल प्रपात
विश्व की सबसे बड़ी ताजे जल की झील	-	सुपीरियर झील
विश्व की सबसे ऊंची नवागम्य झील	-	टिटीकाका झील
विश्व की दूसरी सबसे गहरी झील	-	टांगानिका झील

जलडमरूमध्य

- मलक्का जलसंयोजक में आने-जाने की सुविधाएं हैं **—हिन्द महासागर से चीन सागर तक**
- भारत और पूर्वी एशिया के बीच नौसंचालन समय (नेविगेशन टाइम) और दूरी अत्यधिक कम किए जा सकते हैं **—सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच के भू-संधि/जलडमरूमध्य के पार नई नहर खोल कर।**
- वह जलसंयोजी जो यूरोप को अफ्रीका से पृथक करती है **—जिब्राल्टर**
- हारमुज जलसंधि पाई जाती है **—फारस की खाड़ी तथा ओमान की खाड़ी के बीच**
- एशिया एवं उत्तरी अमेरिका को, जो जलडमरूमध्य अलग करता है, वह है **—बेरिंग जलडमरूमध्य**
- आर्कटिक महासागर एवं प्रशान्त महासागर को जोड़ने वाला जलडमरूमध्य है **—बेरिंग**
- सही सुमेलन है

सूची-I	सूची-II
जिब्राल्टर जल संधि	- अफ्रीका व यूरोप के मध्य
मलक्का जल संधि	- इंडोनेशिया व मलेशिया के मध्य
बेरिंग जल संधि	- एशिया व उत्तरी अमेरिका के मध्य
हॉरमुज जल संधि	- फारस की खाड़ी व ओमान की खाड़ी के मध्य

- दस डिग्री चैनल पृथक करता है **—अंडमान को निकोबार द्वीपों से**
- वह जलडमरूमध्य जिसमें से निकाली गई सुरंग यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस को जोड़ती है **—डोवर जलडमरूमध्य**
- डोवर जलसंधि जोड़ती है **—इंग्लिश चैनल एवं उत्तरी सागर को**
- पाक खाड़ी है **—मन्नार की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी के बीच**
- फारस की खाड़ी सीमा नहीं बनाती है **—ओमान से**
- सही सुमेलन है

खाड़ी		स्थिति
बोथनिया की खाड़ी	–	स्वीडन, फिनलैंड
बैफिन की खाड़ी	–	कनाडा, ग्रीनलैंड
कारपेन्टरिया की खाड़ी	–	ऑस्ट्रेलिया
टोन्किन की खाड़ी	–	वियतनाम, चीन

- हिन्द महासागर और लाल सागर को जोड़ने वाली जलसंधि है **—बाब-अल-मनदेब**

नहरें

- स्वेज नहर (Suez Canal) जोड़ती है **—लाल सागर और भूमध्य सागर को**
- स्वेज नहर के दोनों सिरों पर स्थित पत्तन-युग्म है **—पोर्ट सईद तथा स्वेज**
- **कथन (A) :** स्वेज नहर बनाने से भारत की पश्चिमी देशों से दूरी कम हो गई है।
  कारण (R) : स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है।
  —(A), (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है।

- संसार की सबसे बड़ी पोतवाहक नहर है **–स्वेज नहर**
- मुंबई से स्वेज बंदरगाह जाने के लिए नहीं गुजरना होगा **–स्वेज नहर से होकर**
- पनामा नहर जोड़ती है **–प्रशान्त महासागर एवं अन्ध महासागर को**
- 'सू' नहर जोड़ती है, **–सुपीरियर और ह्यूरोन को**
- वह देश जो प्रशान्त महासागर और अटलांटिक महासागर को जोड़ने के लिए पनामा नहर के प्रतिद्वंद्वी के निर्माण के लिए योजना बना रहा है **–निकारागुआ**
- कील नहर जोड़ती है **–उत्तरी सागर एवं बाल्टिक सागर को**

विश्व के प्रमुख बांध

- पराना नदी पर निर्मित इतेपु बांध विश्व के सबसे बड़े बांधों में से एक है। यह संयुक्त परियोजना है **–ब्राजील और पराग्वे की**
- विश्व का सबसे लंबा समुद्र-सेतु बनाया गया है **–गुआंगडोंग प्रांत के झुहाई में**
- सही सुमेलन है

सूची-I		**सूची-II**
(नदी)		**(बांध)**
कोलोरेडो	–	हूवर
दामोदर	–	पंचेत हिल
नील	–	अस्वान
जाम्बेजी	–	करीबा

- अस्वान उच्च बांध स्थित है **–मिस्र में**
- चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर नवंबर, 2010 में एक बांध निर्माण करना प्रारंभ किया है, वह स्थान है **–जांगमऊ**
- सही सुमेलन है

(बांध)		**(नदियां)**
ग्रैंड कुली	-	कोलम्बिया
नुरेक	-	वख्श
काहोरा (काबोरा) बासा	-	जाम्बेजी

प्रवाल भित्ति

- कोरल रीफ या जीवाश्म पट्टी प्रायः पाई जाती है **–कर्क एवं मकर रेखा के बीच तटीय क्षेत्रों में**
- 'ग्रेट बैरियर रीफ' है **–ऑस्ट्रेलिया के निकट एक प्रवाल भित्ति**
- ग्रेट बैरियर रीफ स्थित है **–प्रशान्त महासागर में**
- प्रवाल द्वारा निर्मित 'ग्रेट बैरियर रीफ' स्थित है, **–क्वींसलैंड तट के समीप**

वायुमण्डल

- पृथ्वी के नजदीक वायुमण्डल में मुख्यतः पाई जाती है**–नाइट्रोजन एवं ऑक्सीजन**
- वायुमण्डल में सबसे अधिक प्रतिशत है **–नाइट्रोजन गैस का**
- पृथ्वी के धरातल से ऊपर की ओर वायुमण्डल के विभिन्न स्तरों का सही अनुक्रम है **–क्षोभमण्डल, समतापमण्डल, मध्यमण्डल, आयनमण्डल**
- अधिकांश मौसम गतिविधियां जिस वायुमण्डलीय परत में होती हैं, वह है **–क्षोभमण्डल**
- समतापमण्डल को जेट विमानों की उड़ान के लिए आदर्श माना जाता है, क्योंकि **–इस परत में बादल तथा अन्य मौसमी घटनाएं नहीं होती।**
- ओजोन परत अवस्थित है **–समतापमण्डल में**
- सूरज से निकले विनाशकारी रेडिएशन से जीवन सुरक्षा करता है **–ओजोन परत**
- समतापमण्डल में ओजोन परत का कार्य है **–भूतल पर पराबैंगनी विकिरण-पात को रोकना।**
- 'ओजोन परत' अवस्थित है **–पृथ्वी की सतह से 15-20 किलोमीटर ऊपर वायुमण्डल में**
- रेडियो तरंगों के विक्षेपण के लिए उत्तरदायी है **–आयनमण्डल (आयनोस्फियर)**
- उत्तरी ध्रुवीय प्रकाश के लिए वायुमण्डल की जिम्मेदार परत है **–आयनमण्डल**
- बेतार संचार पृथ्वी की सतह को परावर्तित किया जाता है **–आयनमण्डल द्वारा**
- संचार उपग्रह वायुमण्डल में अवस्थित किए जाते हैं **–बहिर्मण्डल में**
- सही सुमेलन है-

क्षोभमण्डल	-	मौसम संबंधी घटनाएं
समतापमण्डल	-	ओजोन परत
आयनमण्डल	-	पृथ्वी की सतह की ओर परावर्तित रेडियो तरंगें

सूर्यातप

- **कथन (A) :** वायुमण्डल अधिकांश ऊष्मा परोक्ष रूप से सूर्य से तथा प्रत्यक्ष रूप से पृथ्वी के धरातल से प्राप्त करता है।

  कारण (R) : पृथ्वी के धरातल पर सौर लघु तरंगें पार्थिव ऊर्जा की लंबी-तरंगों में परिणत होती हैं।

  –(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

- ✷ सामान्यतया पृथ्वी की सतह से ऊंचाई बढ़ने के साथ तापमान में घटोत्तरी होती है, क्योंकि–

ऊपरी वायुमण्डल में आर्द्रता का अभाव होता है,

ऊपरी वायुमण्डल में हवा कम घनी होती है।

- ✷ सबसे अधिक सूर्यातप को परावर्तित करता/करती है

–नवपात हिम से आच्छादित भूमि

- ✷ सही कथन है

दक्षिणी गोलार्द्ध की तुलना में उत्तरी गोलार्द्ध में तापमान का वार्षिक परिसर अधिक है।

- ✷ पृथ्वी पर सबसे उच्चतम तापक्रम रिकॉर्ड किए जाते हैं–

–20^0 उत्तरी अक्षांश पर

- ✷ साफ रात मेघीय रातों की अपेक्षा अधिक ठंडी होती है

–विकिरण के कारण

चक्रवात

- ✷ **कथन (A) :** पृष्ठीय वायु चक्रवात के केंद्र के ऊपर आभ्यंतर कुंडलित होती है।

कारण (R) : हवा चक्रवात के केंद्रों में अवरोहित होती है।

–(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

- ✷ टॉरनेडो बहुत प्रबल उष्णकटिबंधीय चक्रवात हैं, जो उठते हैं

–कैरेबियन सागर में

- ✷ संयुक्त राज्य अमेरिका में 'टॉरनेडो एली' कहा जाता है

–मिसीसिपी मैदान को

- ✷ सामान्य रूप से 'टॉरनेडो' संबद्ध है **–यू.एस.ए. से**
- ✷ टॉरनेडो की तीव्रता के मापन हेतु प्रयोग में लाया जाता है

–फुजीटा स्केल

- ✷ टाइफून नामक चक्रवात से अधिक प्रभावित क्षेत्र है **–चीन सागर**
- ✷ सही सुमेलन है

सूची-I	सूची-II
ऑस्ट्रेलिया	विली-विली
चीन	टाइफून
भारत	चक्रवात
संयुक्त राज्य अमेरिका	हरिकेन

- ✷ विली-विली है

–उत्तर-पश्चिम ऑस्ट्रेलिया का उष्णकटिबंधीय चक्रवात

- ✷ बागियो चक्रवात संबंधित है **–फिलीपींस से**
- ✷ हरिकेन द्वारा क्षति के मापन के लिए उपयोग किया जाता है

–साफिर- सिम्पसन मापक का

- ✷ बैरोमीटर में पारे के तल की अचानक गिरावट सूचक है

–तूफान का

- ✷ नरगिस चक्रवात से प्रभावित क्षेत्र है **–म्यांमार**
- ✷ उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) अक्षांशों में दक्षिणी अटलांटिक और दक्षिण-पूर्वी प्रशांत क्षेत्रों में चक्रवात उत्पन्न नहीं होता। इसका कारण है

–समुद्री पृष्ठों के ताप निम्न होते हैं।

आर्द्रता

- ✷ **कथन (A) :** वायुमण्डल में नमी की मात्रा अक्षांश से संबद्ध है।

कारण (R) : नमी को जलवाष्प के रूप में रखने की क्षमता तापमान से संबद्ध है।

–(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

- ✷ ग्रीष्मकाल में आर्द्र ऊष्मा (Humid Heat) का अनुभव होता है, जब मौसम

–उमस वाला (Muggy) होता है।

वायुदाब

- ✷ **कथन (A) :** दोनों गोलार्द्धों के 60^0-65^0 अक्षांशों में उच्च दाब की बजाए निम्न दाब पट्टिका होती है।

कारण (R) : निम्न दाब क्षेत्र भूमि पर नहीं, बल्कि महासागरों पर स्थायी होते हैं। **–(A) सही है, परंतु (R) गलत है।**

- ✷ सत्य कथन है-

–सागरों के ऊपर लगभग 30^o से 35^o उत्तर और दक्षिण अक्षांश पर विद्यमान दो कटिबंधों में से प्रत्येक हॉर्स अक्षांश कहलाता है।

- ✷ वायुदाब सबसे कम होता है **–ग्रीष्म ऋतु में**

बादल

- ✷ वह बादल जो अत्यधिक तीव्र वर्षा के लिए उत्तरदायी होता है

–वर्षा स्तरी

- ✷ सर्वाधिक ऊंचाई के बादल हैं **–पक्षाभ स्तरी**
- ✷ मेघ गर्जन के कारण हैं

–संघनन, उच्च ताप एवं आर्द्रता तथा ऊर्ध्वाधर हवा।

हवाएं

- **कथन (A) :** उत्तरी गोलार्द्ध में पवन प्रतिरूप दक्षिणावर्त तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में पवन प्रतिरूप वामावर्त होता है।
  कारण (R) : उत्तरी तथा दक्षिणी गोलार्द्धों में पवन-प्रतिरूपों की दिशाओं का निर्धारण कोरिऑलिस प्रभाव से होता है।
  –(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
- **अभिकथन (A) :** हवा के पैटर्न्स दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सुई की दिशा में (दक्षिणावर्त) एवं उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सुई के विपरीत दिशा में (वामावर्त) होते हैं।
  कारण (R) : उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में हवा के पैटर्न्स कोरिऑलिस प्रभाव से निश्चित होते हैं।
  –(A) गलत है, परंतु (R) सही है।
- उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्द्ध में पश्चिमी पवन अधिक सशक्त तथा स्थायी होती है, क्योंकि- **–उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्द्ध में भू-खंड कम है।**
- गरजती चालीसा, प्रचंड पचासा एवं चीखता साठा है **–दक्षिणी गोलार्द्ध में पश्चिमी पवनें**
- 'तूफानी चालीसा' (Roaring Forties) के बारे में सत्य कथन है **–ये बड़ी शक्ति और स्थिरता से बहती हैं, इनकी दिशा सामान्य तौर पर दक्षिणी गोलार्द्ध में उत्तर-पश्चिम से पूर्व की ओर होती है, मेघाच्छन्न आकाश, वर्षा और खराब मौसम इनके साथ सामान्य तौर पर संबंधित रहते हैं।**
- 'लंबी चालीसा' पवनें प्रवाहित होती हैं **–हिन्द महासागर में**
- वह सशक्त समुद्री हवाएं जो 40^0 से 60^0 दक्षिणांश के मध्य प्रवाहित होती हैं, उन्हें कहा जाता है **–रोगिंग फोर्टीज**
- संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य मैदानों पर चीनूक हवाओं के कारण **–जाड़े का तापमान बढ़ जाता है।**
- दक्षिणी गोलार्द्ध में पवन के बाईं ओर विचलन का कारण है **–पृथ्वी का घूर्णन**
- उच्च दाब क्षेत्र से भूमध्य सागर की ओर चलने वाली पवनें होती हैं **–व्यापारिक पवनें**
- पवनों का मौसमी उत्क्रमण प्ररूपी अभिलक्षण है **–मानसूनी जलवायु का**

स्थानीय हवाएं

- सही सुमेलन है-

सूची-I (स्थानीय पवन)	**सूची-II (क्षेत्र)**
फॉन	आल्प्स पर्वत
सिमूम	कुर्दिस्तान
सेंटा एना	कैलिफोर्निया
जोन्डा	अर्जेंटीना

- 'फॉन' एक स्थानीय पवन है **–स्विट्जरलैंड की**
- सही सुमेलन है-

फॉन	–	**आल्प्स पर्वत**
बोरा	–	**इटली (उत्तरी भाग)**
मिस्ट्रल	–	**राइन घाटी**
खमसिन	–	**मिस्र**

- सही सुमेलित है-

चीनूक	-	**संयुक्त राज्य अमेरिका**
सिरॉको	-	**सिसिली**
ब्लिजॉर्ड	-	**साइबेरिया**
नॉर्वेस्टर्स	-	**भारत**

- वह देश जहां 'रुधिर वर्षा' होती है **–इटली**

वन

- विश्व वन क्षेत्र में से एक के फैलाव की प्रतिशतता सर्वाधिक है, वह है **–शीतोष्ण शंकुवृक्षी वन**
- वह देश जिसके कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 70% भाग पर वन बनाए रखने का संवैधानिक प्रावधान है **–भूटान**
- सदाबहार वर्षा वन पाए जाते हैं **–ब्राजील में**
- भूमध्य रेखा के निकट पाये जाने वाले वन हैं **–उष्णकटिबंधीय वन**
- पृथ्वी पर घने (Dense) वन अधिकतर मिलते हैं **–विषुवत रेखा के पास**
- विस्तृत उष्णकटिबंधीय वर्षा वन पाए जाते हैं **–कांगो घाटी में**
- टैगा वन विशिष्टता है **–समशीतोष्ण क्षेत्र की**
- विश्व के सबसे बड़े एवं घने वन हैं **–अमेजन बेसिन में**
- सर्वाधिक प्रतिशत वनाच्छादित देश है **–जापान**
- कोणधारी वन पाए जाते हैं **– 56^o–60^o उत्तरी अक्षांशों में**
- शंकुधारी वन मुख्यत: पाए जाते हैं **–शीतोष्ण क्षेत्र में**
- अफ्रीका का वह देश जिसमें सघन उष्णार्द्र वन हैं **–आइवरी कोस्ट**

✷ **कथन (A) :** शीतोष्ण वनों के विपरीत यदि उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों का निर्वृक्षन किया जाए, तो उत्पादी कृषि स्थल निकलते हैं, जो कई वर्षों तक रासायनिक उर्वरकों के बिना भी गहन कृषि का भरण-पोषण कर सकते हैं।

कारण (R) : शीतोष्ण वनों की तुलना में उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की प्रधान उत्पादकता बहुत अधिक होती है।

–(A) गलत है, परंतु (R) सही है।

✷ यदि उष्णकटिबंधीय वर्षा वन काट दिया जाए, तो यह उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन की तुलना में शीघ्र पुनर्योजित नहीं हो पाता। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि–

–वर्षा-वन की मृदा में पोषकों का अभाव होता है।

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (इमारती लकड़ी)		**सूची-II (देश)**
देवदार	–	कनाडा
डगलसफर	–	मेक्सिको
महोगनी	–	होंडुरास
सागौन	–	म्यांमार

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
मानसूनी वन	–	सागौन तथा साखू
विषुवत रेखीय वन	–	महोगनी एवं रोजवुड
भूमध्य सागरीय वन	–	आलूबुखारा (प्लम) एवं जैतून
कोणधारी वन	–	चीड़ तथा फर

✷ विश्व का वह देश, जो मुलायम लकड़ी एवं लकड़ी की लुग्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं निर्यातक है **–अमेरिका**

✷ वह देश, जो विश्व में ईंधन काष्ठ का सबसे बड़ा उत्पादक है **–भारत**

✷ डेलबर्जिया जाति से संबंधित पौधा है **–शीशम**

विश्व जलवायु

✷ अलग-अलग ऋतुओं में दिन-समय और रात्रि-समय के विस्तार में विभिन्नता का कारण है **–पृथ्वी का, सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय रीति से परिक्रमण/पृथ्वी का नत अक्ष पर परिक्रमण।**

✷ महाद्वीपों के अंतःस्थों का वार्षिक ताप-परिसर तटीय क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता है। इसका कारण है

–भूमि और जल के बीच तापीय अंतर

✷ मुख्य कारक, जो किसी क्षेत्र के जलवायु को निर्धारित करता है, वह है

–अक्षांश

✷ पृथ्वी के अधिकतम प्रतिशत क्षेत्र पर फैला हुआ है **–शुष्क प्रदेश**

✷ **कथन (A) :** भूमध्य रेखा के दोनों ओर 5^0 से 8^0 अक्षांश तक के क्षेत्रों में वर्ष भर वर्षा होती है।

कारण (R) : उच्च तापमान तथा उच्च आर्द्रता के कारण भूमध्य रेखा के निकट अधिकतर दोपहर को संवहनीय वर्षा होती है।

–(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

✷ सभी प्रकार के जलवायु कटिबंध पाए जाते हैं **–एशिया महाद्वीप में**

✷ वह भौगोलिक क्षेत्र जिसकी सुस्पष्ट विशेषताएं निम्नलिखित हैं

1. कोष्ण और शुष्क जलवायु
2. सुहावना और आर्द्र शीतकाल
3. सदाबहार ओक वृक्ष

वह क्षेत्र है **–भूमध्य सागरीय क्षेत्र**

✷ उष्णकटिबंधीय सवाना प्रदेश की जलवायु की मुख्य विशेषता है

–निश्चित शुष्क तथा आर्द्र ऋतु

✷ **कथन (A) :** विषुवत रेखीय प्रदेश का पर्यावरण पौधों के अनुकूल है, पर मनुष्यों के लिए नहीं।

कारण (R) : विषुवत रेखीय प्रदेश में औसत वार्षिक तापांतर बहुत कम है।

–(A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

✷ अमेरिका का वह नगर जिसमें भूमध्य सागरीय जलवायु नहीं पाई जाती है **–न्यूयॉर्क**

✷ ''जलवायु चरम है, वर्षा कम है और लोग चलवासी पशुचारक हुआ करते थे।'' यह सबसे अच्छा वर्णन है **–मध्य एशियाई स्टेप क्षेत्र का**

✷ वह देश जिसमें सर्दियों के मौसम में वर्षा होती है **–नॉर्वे**

✷ आर्द्र शीत ऋतु, शुष्क ग्रीष्म ऋतु विशेषता है **–इटली की**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (प्रदेश/क्षेत्र)		**सूची-II (जलवायु-प्रकार)**
कैलिफोर्निया (सं.रा. अमेरिका)	–	भूमध्य सागरीय
पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया	–	उष्ण मरुभूमि
बांग्लादेश	–	उष्णकटिबंधीय मानसूनी
साइबेरिया (रूस)	–	शीत शीतोष्ण
कांगो	–	विषुवतीय
सूडान	–	सवाना

✷ **कथन (A) :** भूमध्य सागरीय प्रदेशों में जाड़ों में वर्षा होती है।

कारण (R) : जाड़े में यहां पछुआ हवाएं चलती हैं।

–(A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

✷ भूमध्य सागरीय क्षेत्रों में भारी वर्षा होती है **–शीत (जाड़े) ऋतु में**

✷ **कथन (A) :** उत्तर-पश्चिमी यूरोप के बंदरगाह वर्ष भर खुले रहते हैं।
कारण (R) : दक्षिण-पश्चिमी हवाएं वर्ष भर उत्तर-पश्चिमी यूरोप के ऊपर बहती हैं। **–(A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।**

✷ दाब पेटियों के स्थानांतरण से संबंधित जलवायु हैं
–भूमध्य सागरीय जलवायु, मानसून जलवायु

✷ जायरे से नीदरलैंड्स जाते समय जलवायु प्रदेशों का सही क्रम है
–भूमध्य रेखीय जलवायु, उष्ण मरुस्थलीय जलवायु, भूमध्य सागरीय जलवायु, पश्चिमी यूरोपीय जलवायु

✷ संसार का आर्द्रतम स्थान है **–मासिनराम**

✷ विश्व का सबसे ठंडा स्थान है **–वर्खोयांस्क**

✷ सही सुमेलन है-

अत्यधिक गर्म	–	सहारा मरुस्थल
अत्यधिक ठंडा	–	अंटार्कटिका
अत्यधिक वर्षा	–	मासिनराम
अत्यधिक सूखा	–	चिली

✷ एल-निनो बनता है **–प्रशान्त महासागर में**

✷ हेकीस्टोथर्म पौधे हैं, जो उगते हैं **–बहुत कम ताप पर**

मृदा

✷ केशिका (कैपिलरी) सबसे अधिक प्रभावशाली होती है
–चिकनी मिट्टी में

✷ मृदा संरक्षण वह प्रक्रम है जिसमें
–मृदा को नुकसान से सुरक्षित किया जाता है।

✷ टेरारोसा का प्रारूपिक विकास उस भू-भाग में होता है, जिसमें
–चूना पत्थर होता है।

✷ मृदा विक्षालन बड़ी समस्या है **–उष्णकटिबंधीय वर्षा वन प्रदेशों में**

✷ हैलोफाइट्स अच्छी वृद्धि करते हैं **–क्षारीय मिट्टी में**

✷ मृदा में नाइट्रोजन की आपूर्ति होती है
–जंतुओं द्वारा यूरिया का उत्सर्जन एवं वनस्पति की मृत्यु द्वारा।

✷ भू-संरक्षण की परिरेखा बंधन विधि का प्रयोग होता है
–पहाड़ी ढलान क्षेत्रों में

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (मिट्टी)		**सूची-II (जलवायु प्रदेश)**
पॉडजॉल	-	शीत समशीतोष्ण
चर्नोजेम	-	समशीतोष्ण-शीत स्टेपी
स्पॉडजोल्स	-	आर्द्र शीत समशीतोष्ण
लेटेराइट	-	ऊष्ण एवं आर्द्र

✷ **अभिकथन (दावा) (A) :** केंचुए खेती के लिए अच्छे नहीं हैं।
तर्क (कारण) (R) : केंचुए मिट्टी को महीन कणों में परिवर्तित कर इसे नरम बना देते हैं।
–(A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

प्रजाति/जनजातियां

✷ खानाबदोश जनजाति के लोग सर्वाधिक पाए जाते हैं
–शुष्क क्षेत्र में

✷ 'ऋतु-प्रवास' शब्द उपयोग होता है, जब
–मानव व उनके पशुओं का मौसमी स्थानांतरण-घाटी से पर्वत की ओर व पर्वत से घाटी की ओर होता है।

✷ नवीनतम मानव समझा जाता है **–क्रोमैग्नन मानव को**

✷ पृथ्वी के तल पर प्रथम पक्षी का प्रादुर्भाव माना जाता है
–15 करोड़ वर्ष पूर्व

✷ वह महाद्वीप जो 'मानव जाति का जन्मस्थल' कहलाता है
–अफ्रीका

✷ वह प्रजाति जिसके सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है **–काकेशियाई**

✷ जिप्सी लोगों का मूल स्थान था **–भारत**

✷ अफ्रीका की मूलभूत जनजाति 'पिग्मी' पाई जाती है **–कांगो घाटी में**

✷ पिग्मी पाए जाते हैं **–विषुवत रेखीय वनों में**

✷ पिग्मी, कज्जाक, मसाई एवं लैप्स में से घुमक्कड़ जनजाति नहीं है
–पिग्मी

✷ घरों के जो चार प्रतिरूप दिए हैं, इनमें से वह प्रतिरूप जो पिग्मियों के घर का है



–प्रतिरूप (a) पिग्मी के घर का है।

✷ जैविक समुदायों के अंतर्गत कुछ जातियां, बड़ी संख्या में अन्य जातियों की, समुदाय में बने रहने की क्षमता को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होती हैं। ऐसी जातियों को कहते हैं **–मूलाधार (की-स्टोन) जातियां**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		सूची-II
(जनजाति)		(देश)
एस्किमो	–	कनाडा एवं ग्रीनलैण्ड
मसाई	–	केन्या
बद्दू	–	सऊदी अरब
बुशमैन	–	बोत्सवाना (कालहारी मरुस्थल)
खिरगिज	–	मध्य एशिया
एनू	–	जापान

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		सूची-II
(ध्रुवीय क्षेत्रों के साधन)		(क्रियाकलाप)
कयाक	–	शिकार हेतु संकरी नाव
इनपुट	–	बर्फ़ का मकान
यूनियॉक	–	परिवहन हेतु नाव
स्लेज	–	कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी

✷ सेमांग लोग जहां के घने, उष्णकटिबंधीय वनों में रहते हैं वह है- **–मलेशिया**

✷ सही सुमेलन है-

(जनजाति)		(देश)
बरबर	–	मोरक्को
इनुइट	–	कनाडा
सेमांग	–	मलेशिया
वेद्दा	–	श्रीलंका

✷ 'जुलू' जनजाति का निवास स्थान है **–दक्षिण अफ्रीका**

✷ सही सुमेलन है-

(क्षेत्र)		(जाति)
मध्य एशिया	–	अल्पाइन
स्कैंडिनेविया	–	नार्डिक

✷ सही सुमेलन है-

(जनजाति)		(क्षेत्र/देश)
मसाई	–	पूर्वी अफ्रीका
रेड इंडियंस	–	उत्तरी अमेरिका
माओरी	-	न्यूजीलैंड
मायाज़	-	ग्वाटेमाला

✷ वह देश जो भूतपूर्व सोवियत संघ का भाग था जिसमें कुर्दिश लोग रहते हैं **–आर्मीनिया**

✷ इनूइट लोग पाए जाते हैं **–कनाडा, रूस एवं अलास्का से**

✷ जनजातियां एवं उनके अधिवास का सुमेलन है–

जनजातियां		अधिवासित क्षेत्र
फुलानी	–	पश्चिमी अफ्रीका
बंतू	–	पूर्वी, मध्य एवं दक्षिणी अफ्रीका
मसाई	–	पूर्व अफ्रीका
नूबा	–	सूडान

✷. वह प्रदेश जो 'लैप्स' जनजाति के लिए प्रसिद्ध है **–स्कैंडिनेविया**

✷ उत्तरी अमेरिका के मूल निवासी संबंधित हैं **–मंगोलायड प्रजाति से**

भाषाएं

✷ एस्पेरान्टो (Esperanto) है **–विश्व भाषा के रूप में कार्य करने के लिए बनाई गई एक कृत्रिम भाषा।**

✷ विश्व में सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है **–मंदारिन (चीनी)**

✷ वह देश जिसकी राजभाषा स्पेनिश नहीं है **–कांगो गणराज्य**

✷ सिंगापुर की प्रमुख भाषाओं में शामिल हैं **–मलय (राष्ट्रीय), तमिल, अंग्रेजी, मंदारिन, चाइनीज**

आर्थिक भूगोल

(A). कृषि एवं पशुपालन

✷ विश्व का वह देश जो गेहूं तथा चावल दोनों का संसार का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–चीन**

✷ धान उत्पादन में विश्व में भारत का स्थान है **–द्वितीय**

✷ चावल की कृषि के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र है **–भारत में**

✷ वह देश जिसमें धान की उत्पादकता सर्वाधिक है **–जापान में**

✷ संकर धान की खेती सर्वाधिक लोकप्रिय है **–चीन में**

✷ विश्व का 'धान जीन बैंक' स्थित है **–फिलीपींस में**

✷ विश्व में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक है **–ब्राजील**

✷ विश्व में गन्ने का द्वितीय वृहत्तम उत्पादक है **–भारत**

✷ विश्व में चुकन्दर के दो सबसे बड़े उत्पादक हैं **–फ्रांस एवं रूस**

✷ वह देश जिसमें चुकन्दर से चीनी तैयार किया जाता है **–यूक्रेन**

✷ विश्व में सबसे अधिक कपास का उत्पादन होता है **–चीन में**

✷ कपास का प्रति हेक्टेयर उत्पादन (2014) विश्व में सर्वाधिक है **–ऑस्ट्रेलिया**

✷ वह देश जो अरण्ड-तेलबीज का सबसे बड़ा उत्पादक/निर्यातक है **–भारत**

✷ विश्व में केले का सबसे बड़ा उत्पादक है **–भारत**

✷ विश्व में नारियल का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–इंडोनेशिया**

✷ विश्व में फलोत्पादक के रूप में भारत का स्थान है **–दूसरा**

✷ तम्बाकू उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान है **–चीन**

✷ सही कथन हैं **–चीन विश्व में तम्बाकू का वृहत्तम उत्पादक है, भारत विश्व में ज्वार का वृहत्तम उत्पादक है।**

✷ विश्व में प्राकृतिक रबर का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–थाईलैंड**

✷ विश्व में प्राकृतिक रबर के दो बड़े उत्पादक है **–थाईलैंड एवं इंडोनेशिया**

✷ श्रीलंका में कॉफी की कृषि बंद कर दी गई **–पर्ण किट्ट रोग के कारण**

✷ विश्व में कहवा के दो अग्रगण्य उत्पादक हैं **–ब्राजील तथा विएतनाम**

✷ विश्व में कुल कहवा उत्पादन के प्रतिशत की दृष्टि से शीर्षस्थ देश है **–ब्राजील**

✷ विश्व में चाय का सबसे बड़ा निर्यातक देश है **–केन्या**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (फसल)		**सूची-II (उत्पादक क्षेत्र)**
कहवा	–	साओ पालो पठार
जूट	–	गंगा डेल्टा
चावल	–	यांगटिसी मैदान
गेहूं	–	प्रेयरी मैदान

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (फसल)	**सूची-II (उत्पादक क्षेत्र)**
चावल	सीक्यांग बेसिन (चीन)
गेहूं	ह्वांगहो बेसिन (चीन)
चाय	कैंडी बेसिन (श्रीलंका)

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
कोको	-	घाना
कहवा	-	आइवरी कोस्ट
चाय	-	केन्या
गन्ना	-	दक्षिण अफ्रीका

✷ यू.एस.ए. में कोना कॉफी का उत्पादन होता है **–हवाई में**

✷ वह कृषि क्षेत्र जिसमें, छोटे क्षेत्रों में अधिक मानव श्रम की आवश्यकता होती है **–व्यापारिक बागवानी**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (फसलें)	**सूची-II (क्षेत्र/देश)**
रबर	मलेशिया
कहवा	कोलम्बिया
जैतून	इटली
गन्ना	मॉरीशस

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (अग्रणी उत्पादक देश)	**सूची-II (पदार्थ)**
चीन	लौह-अयस्क
भारत	दूध
सऊदी अरब	पेट्रोलियम
थाईलैंड	प्राकृतिक रबर

✷ सही कथन है **–उष्णकटिबंधीय बागान समुद्रतटीय तट के किनारे झुंडों में पाई जाती हैं, अमेजन बेसिन में रबर की कृषि के लिए उत्तम भौतिक दशाएं पाई जाती हैं, परंतु कर्मकारों की कमी है।**

✷ बागान फसलें हैं **–कॉफी, रबर, मसाले तथा नारियल आदि।**

✷ एक फसल प्रणाली, जिसके अंतर्गत फसलों को रोपण किए गए पेड़ों की कतारों के बीच के स्थान में उगाया जाता है, वह कहलाती है **–ऐले क्रॉपिंग**

✷ 'एक फसली' कृषि विशेषता है **–व्यापारिक अन्न कृषि की**

✷ चलवासी कृषि है **–चेना, झूमिंग और मिल्पा इत्यादि**

✷ तुंग्या कृषि जहां की जाती है, वह है **–म्यांमार**

✷ **कथन (A) :** एक पौधा जिसमें नत्रजन (नाइट्रोजन) की कमी है छोटे कद का विकास एवं हल्के हरे एवं पीले रंग की पत्तियों जैसे लक्षण दर्शाएगा।

कारण (R) : नत्रजन हरी पत्ती विकास के लिए जिम्मेदार होती है।

–(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

✷ जैव उर्वरक के रूप में प्रयोग किया जाता है **– राइजोबियम, एजोटोबैक्टर, एजोस्पिरिलम और नील हरित शैवाल**

✷ 'एजोला-एनाबीना' जैव उर्वरक का उपयोग किया जाता है **–चारोंल के लिए**

✷ जैविक खाद के रूप में प्रयुक्त किया जाता है **–एजोला**

✷ धान के फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए जैव उर्वरक के रूप में प्रयोग में लाया जाता है **–नील हरित शैवाल**

✷ 'अल्फाल्फा' है **–एक प्रकार की घास**

कथन (A) : किसी भी अफ्रीकी देश में चाय बागान नहीं हैं।

कारण (R) : चाय के पौधों को उच्च ह्यूमस युक्त उर्वर मृदा की आवश्यकता होती है।

–(A) गलत है, परंतु (R) सही है।

✷ पॉडजोल है **–कोणधारी वन प्रदेशों में पाई जाने वाली मिट्टी**

✷ 'मोका' कॉफी जहां उगाई जाती है, वह है **–यमन में**

✷ चाय में पाया जाता है **–थीनाइन, कैफीन, पॉलिफेनाल्स, टेनिन, थीयोब्रोमाइन, थीयोफाइलिन आदि तत्व।**

✷ कृषि के अंतरराष्ट्रीय समझौते के अनुसार 'ग्रीन बॉक्स' में सम्मिलित की जाती है

–कृषि अनुसंधान एवं पादप संरक्षण संबंधी आर्थिक सहायता

✷ हेरोइन प्राप्त होती है **–अफीम पोस्ता से**

✷ 'स्वर्णिम अर्धचंद्र' में सम्मिलित किया जाता है

–अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान को

✷ वह देश समूह जहां मक्का मुख्य भोजन के रूप में प्रयोग में आता है **–मध्य अफ्रीका में**

✷ सैक्रामेन्टो-सॉन जोवाक्विन घाटी, जो अमेरिका में अंगूर एवं सिट्रस (नींबू-वंश) फलों के उत्पादन के लिए विख्यात है, अवस्थित है

–कैलिफोर्निया राज्य में

✷ **कथन (A) :** यूरोप के भूमध्य सागरीय क्षेत्र में व्यापारिक अंगूर की खेती विशिष्ट है।

कारण (R) : उसका 85% अंगूर शराब बनाने के काम में आता है।

–(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

✷ पहली बार उच्च उपज किस्म बीज विकसित किए गए थे**–मेक्सिको में**

✷ कत्था बनाने हेतु जिस पेड़ की लकड़ी का प्रयोग होता है, वह है

–खैर

✷ अफ्रीका में मूंगफली प्रमुख फसल है **–गैम्बिया की**

✷ मूंगफली का मूल स्थान है **–ब्राजील**

✷ 'शहतूश' जो विश्व का सबसे सुन्दर, गरम और हल्का ऊन माना जाता है, वह पैदा होता है **–चीन (तिब्बत) में**

✷ शहतूश शाल बनाई जाती है **–चिरु के बालों से**

✷ एपीकल्चर एक वैज्ञानिक विधि है, जो सम्बन्धित है

–शहद के उत्पादन से

✷ 'विटीकल्चर' संबंधित है **–अंगूर के उत्पादन से**

✷ सही सुमेलित है

खेती	**खेती का नामकरण**
फूलों की खेती	फ्लोरिकल्चर
फसलों की खेती	ऐग्रोनॉमी
सब्जियों की खेती	ओलेरिकल्चर
फलों की खेती	पोमोलॉजी

✷ रेशम उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान है

–चीन का (भारत का स्थान द्वितीय)

✷ **कथन (A) :** ऑस्ट्रेलिया में गो पशु पालन (Cattle Rearing) जितना दूध के लिए है उसकी अपेक्षा मांस के लिए अधिक किया जाता है।

कारण (R) : ऑस्ट्रेलियावासी परंपरागत (Traditionally) रूप से मांसाहारी हैं। **–(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।**

✷ विश्व की वृहत्तम पशुधन समष्टि है **–चीन में**

✷ यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका में 'बीफ' की एक सुरक्षित एवं स्वस्थ खाद्य की छवि को किसने नष्ट किया **–मैड काऊ रोग ने**

✷ विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक देश है **–भारत**

✷ दुग्ध के अग्रणी उत्पादकों का सही अवरोही क्रम है

–भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन

✷ मक्का उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है **–सं रा. अमेरिका**

✷ विश्व का 'चीनी का कटोरा' कहा जाता है **–क्यूबा को**

B. खनिज

कोयला

✷ कोयला एक उदाहरण है **–परतदार चट्टानों का**

✷ कोयला, कच्चा तेल व प्राकृतिक गैस कहलाते हैं

–जीवाश्मिक फ्यूल (ईंधन)

✷ सत्य कथन है

–चीन संसार में अग्रणी कोयला उत्पादक है, यूक्रेन में डोनेट्स बेसिन प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र है, जर्मनी में सार क्षेत्र प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र है तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में मुख्य कोयला उत्पादक क्षेत्र अप्लेशियन प्रदेश में है।

✷ 'डोनबास' क्षेत्र प्रसिद्ध है **–कोयला के लिए**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (कोयला क्षेत्र)		**सूची-II (देश)**
डोनेट्स	-	यूक्रेन
कुजनेट्स्क	-	रूस
लंकाशायर	-	यू.के.
सार	-	जर्मनी

✷ 'पत्थर के कोयले' के भंडार में संसार में अग्रणी देश है **–अमेरिका**

✷ विश्व के कोयले का आधे से अधिक उत्पादन प्राप्त होता है

–चीन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका से

✷ रूर बेसिन प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र है **–जर्मनी का**

✷ सर्वाधिक कोयला पाया जाता है **–अमेरिका में**

✷ विश्व में सबसे अधिक कोयला उत्पादन करने वाला देश है **–चीन**

✷ रुकवा झील क्षेत्र (तंजानिया) खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, वह है **–कोयला**

लौह अयस्क

✷ पृथ्वी के गर्भ में दूसरी सबसे ज्यादा पाई जाने वाली धातु है **–लौह**

✷ विश्व में लौह अयस्क का वृहत्तम उत्पादक है **–चीन**

✷ विश्व में लौह अयस्क के तीन अग्रणी उत्पादक हैं **–चीन, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (लौह अयस्क क्षेत्र)		**सूची-II** (संबंधित देश)
लॉरेन	–	फ्रांस
मिडलैंड	–	यू.के.
किरुना	–	स्वीडन
कोस्ताने	–	कजाख्स्तान

✷ फ्रांस का लॉरेन प्रदेश प्रसिद्ध है- **–लौह व इस्पात उद्योग के लिए**

अन्य खनिज

✷ संसार में तांबा अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–चिली**

✷ **कथन (A) :** विश्व में अभी भी चिली तांबे का महत्वपूर्ण उत्पादक है।
कथन (R) : चिली विश्व के विशालतम पोर्फिरी ताम्र निक्षेपों से संपन्न है। **–(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

✷ अफ्रीकी देश जाम्बिया में तांबे के विपुल भंडार हैं, फिर भी इस देश की आर्थिक प्रगति नहीं हो सकी, क्योंकि यहां **–समुद्री बंदरगाह नहीं हैं।**

✷ जापान लगभग आत्मनिर्भर है **–तांबा में**

✷ विश्व में स्वर्ण उत्पादन का सही अवरोही क्रम है **–1. चीन, 2. ऑस्ट्रेलिया, 3. रूस और 4. अमेरिका।**

✷ ऑस्ट्रेलिया में स्थित कालगूर्ली विख्यात है **–स्वर्ण उत्पादन के लिए**

✷ कूलगार्डी ऑस्ट्रेलिया के जिस प्रांत में स्थित है, वह है **–वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया**

✷ जोहॉन्सबर्ग विख्यात है **–स्वर्ण खनन हेतु**

✷ वह देश, जो भारत को सर्वाधिक स्वर्ण का निर्यात करता है **–स्विट्जरलैंड**

✷ विश्व में चांदी का सबसे बड़ा उत्पादक है **–मेक्सिको**

✷ बॉक्साइट कच्ची धातु है **–एल्युमीनियम की**

✷ विश्व में एल्युमीनियम का सबसे बड़ा उत्पादक है **–चीन**

✷ 'टिन' मिलता है **–प्लासर निक्षेपों में**

✷ संसार में टिन का अग्रणी उत्पादक है **–चीन**

✷ संसार के तीन अग्रगण्य पेट्रोलियम उत्पादकों का सही अवरोही क्रम है **–सऊदी अरब, यू.एस.ए., रूस**

✷ विश्व में पेट्रोलियम का सबसे बड़ा उत्पादक है **–सऊदी अरब**

✷ मध्य-पूर्व के प्रमुख तेल उत्पादक देशों का सही अवरोही क्रम है **–सऊदी अरब, स.अ.अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत**

✷ कथन सही हैं **–मध्य-पूर्व में संसार के पेट्रोल के लगभग 60 प्रतिशत भंडार पाए जाते हैं, अलास्का में टेक्सास के समतुल्य पेट्रोलियम भंडार प्रमाणित है, संयुक्त राज्य अमेरिका पेट्रोलियम का प्रमुख उत्पादक एवं प्रमुख आयातक दोनों ही है।**

✷ दक्षिणी-पूर्वी एशिया का सबसे बड़ा खनिज तेल उत्पादक देश है **–इंडोनेशिया**

✷ विश्व का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार स्थित है **–वेनेजुएला में**

✷ वह देश, जो गैसोहॉल का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता है **–संयुक्त राज्य अमेरिका**

✷ तेल की वैश्विक कीमतों के संदर्भ में 'ब्रेंट कच्चे तेल' (Brent Crude Oil) का समाचारों में प्रायः उल्लेख आता है। इस पद का अभिप्राय है **–यह कच्चे तेल का एक प्रमुख वर्गीकरण है, यह उत्तरी सागर से प्राप्त किया जाता है।**

✷ वर्ष 2009 के पूर्वार्द्ध में पीस पाइप लाइन नामक व्यावसायिक समझौता हुआ था **–ईरान एवं पाकिस्तान के मध्य**

✷ वह देश, जिसमें 1857 ई. में खनिज तेल आर्थिक स्तर पर निकाला गया था **–रोमानिया**

✷ जैव ईंधन बनाया जा सकता है **–गन्ना, मक्का, सोयाबीन, रेपसीड एवं जेट्रोफा से**

यूरेनियम

✷ संसार में यूरेनियम का अग्रगण्य उत्पादक है **–कजाख्स्तान**

✷ वह देश, जो यूरेनिअम का प्रमुख उत्पादक है **–कनाडा**

✷ दुनिया में सर्वाधिक आणविक खनिज उत्पादक देश है **–कजाख्स्तान**

✷ यूरेनियम के सर्वाधिक भंडार हैं **–ऑस्ट्रेलिया में**

✷ विश्व में यूरेनियम का बृहत्तम भंडार पाया जाता है **– ऑस्ट्रेलिया में**

✷ 'यूरेनियम सिटी' स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है **–कनाडा को**

✷ वह खनिज जिससे रेडियम प्राप्त किया गया था **–पिचब्लेंड**

✷ वह देश, जो बहुत महत्वपूर्ण यूरेनियम अयस्क निक्षेप के लिए जाना जाता है **–कनाडा**

खनिज : विविध

* प्राकृतिक कपूर प्राप्त होता है **–चीन तथा जापान के एक देशज वृक्ष से**
* वह खनिज सूची जो अलौह धातुओं को दर्शाती है **–निकेल, जस्ता, तांबा, एल्युमीनियम**
* सही सुमेलन है-

सूची-I (खनिज)		सूची-II (उत्पादक क्षेत्र)
कोयला	–	कारागंडा बेसिन
सोना	–	हाई वेल्ड
लौह अयस्क	–	क्रिबोई रॉग
खनिज तेल	–	सान ज्वाक्विन घाटी
तांबा	–	ऐरिजोना

* सही सुमेलन है-

सूची-I (खनिज)		सूची-II (प्रमुख उत्पादक)
खनिज तेल	–	वेनेजुएला
तांबा	–	जाम्बिया
मैंगनीज	–	गैबन
बॉक्साइट	–	गुयाना

* सही सुमेलन है-

(क्षेत्र)		(खनिज)
डॉनबास बेसिन	–	कोयला
मेसाबी	–	लौह अयस्क
मोसुल	–	खनिज तेल
ट्रांसवाल	–	सोना

* सही सुमेलन है-

सूची-I	सूची-II
लौह अयस्क	मेसाबी
खनिज तेल	बाकू
तांबा	बिंघम
यूरेनियम	पोर्ट रेडियम

* बाकू की प्रसिद्धि है **–पेट्रोलियम के लिए**
* अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'मेसाबी रेंज' जिस उत्पाद के लिए जाना जाता है, वह है **–लौह अयस्क**
* सही सुमेलित है-

क्षेत्र		खनिज
किम्बर्ले	–	हीरा
विटवाटर्सरेंड	–	सोना
कटांगा	–	तांबा
सार	–	कोयला

* संसार में टाइटेनियम का अग्रणी उत्पादक है **–चीन**
* विश्व में बॉक्साइट का बृहत्तम उत्पादक है **–ऑस्ट्रेलिया**
* जिस खनिज के कारण चिली प्रसिद्ध है, वह है **–नाइट्रेट**
* सही सुमेलित है-

देश		खनिज
बोलीविया	-	टिन
ब्राजील	-	लौह अयस्क
मेक्सिको	-	चांदी
पेरू	-	नाइट्रेट
पेरू	-	सोना

* हीरा का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–रूस**
* ऊर्जा के वाणिज्यिक स्रोतों में विशुद्धतः शामिल होते हैं **–कोयला, तेल, गैस, जलविद्युत और यूरेनियम**
* अफ्रीका में सर्वाधिक तांबा उत्पादक देश है **–डी.आर. कांगो**

C. नगर और उद्योग

* सही सुमेलन है-

सूची-I (लौह-इस्पात केंद्र)		सूची-II (देश)
हैमिल्टन	-	कनाडा
बर्मिंघम	-	यूनाइटेड किंगडम
ऐसन	-	जर्मनी
अंशन	-	चीन

* सही सुमेलन है-

सूची-I (केंद्र)		सूची-II (उद्योग)
पिट्सबर्ग (यू.एस.ए.)	–	लोहा एवं इस्पात
शंघाई (चीन)	–	सूती वस्त्र उद्योग
डूंडी (स्कॉटलैंड)	–	जूट वस्त्र उद्योग
लेनिनग्राद (सेंट पीटर्सबर्ग, रूस)	–	पोत निर्माण

* सही सुमेलन है

सूची-I (केंद्र)		सूची-II (उद्योग)
सलेम	–	लौह एवं इस्पात
लॉस एंजेलस	–	हवाई जहाज
अबादान	–	तेल शोधन
नगोया	–	सूती वस्त्र/ऑटोमोबाइल्स

* सही सुमेलन है

सूची-I		सूची-II
डेट्रायट	–	ऑटोमोबाइल्स
मैग्निटोगोर्स्क	–	लोहा तथा इस्पात
जोहॉन्सबर्ग	–	सोना खनन
बर्मिंघम	–	लोहा एवं इस्पात

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		**सूची-II**
नगर		**उद्योग**
ओसाका	–	वस्त्र उद्योग
याकोहामा	–	पोत निर्माण
ह्यूस्टन	–	तेल एवं प्राकृतिक गैस
अंशन	–	लोहा व इस्पात
हवाना	–	सिगार

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
चेल्याब्रिंस्क	–	धातु एवं सैन्य मशीनरी
मिलान	–	रेशमी वस्त्र
डेट्रायट	–	ऑटोमोबाइल
मॉस्को	–	धातु, रसायन, मशीनरी

✷ सूती वस्त्र उद्योग का प्रमुख केंद्र है **–ओसाका**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
शेफील्ड	–	कटलरी
वेनिस	–	कांच निर्माण
ग्लासगो	-	पोत निर्माण
ओटावा	-	कागज

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
(पोत निर्माण केंद्र)		**(राज्य, यू.एस.ए.)**
ह्यूस्टन	–	टेक्सास
स्पैरोज प्वॉइंट	–	मैरीलैंड
न्यू आर्लियंस	–	लूइज़ियाना
कैमडेन	–	न्यू जर्सी

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
(कोयला क्षेत्र)		**(अवस्थिति)**
कुजबास	–	रूस
रेड बेसिन	–	चीन
ब्रिस्टल	–	यूनाइटेड किंगडम
न्यू साउथ वेल्स	–	ऑस्ट्रेलिया

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
(औद्योगिक क्षेत्र)		**(देश)**
किनकी	-	जापान
कैण्टन	-	चीन
लोरेन	-	फ्रांस
बेलोहौरीजान्टले	-	ब्राजील

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
क्लीवलैंड	–	लोहा एवं इस्पात
मेसाबी रेंज	–	लौह अयस्क
फिलाडेल्फिया	–	पोत निर्माण

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
(औद्योगिक प्रदेश)		**(देश)**
लंकाशायर प्रदेश	–	यूनाइटेड किंगडम
रुहर (रूर) प्रदेश	–	जर्मनी
कैहिन प्रदेश	–	जापान
दक्षिणी अपेलेशियन प्रदेश	–	संयुक्त राज्य अमेरिका

✷ ऊन का सबसे बड़ा उत्पादक देश है **–चीन**

✷ ऊनी वस्त्र उत्पादक केंद्रों में से जर्मनी से संबंधित है **–वुपरताल**

✷ विश्व में सूत्री वस्त्रों का अग्रणी उत्पादक है **–चीन**

✷ ''फूट लूज'' उद्योग का एक उदाहरण है **–सॉफ्टवेयर**

✷ वह उद्योग जिसकी अवस्थिति के लिए कच्चे माल की उपलब्धि मूल कारक नहीं है **–इलेक्ट्रॉनिक्स**

✷ जापान विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों में से एक है, क्योंकि

–उसके पास उच्च तकनीकी क्षमता है।

✷ सत्य कथन है-

सूची-I		**सूची-II**
रूर औद्योगिक प्रदेश	–	जर्मनी
फ्लैंडर्स औद्योगिक प्रदेश	–	बेल्जियम एवं फ्रांस
स्कॉटलैंड औद्योगिक क्षेत्र	–	यूनाइटेड किंगडम
न्यू इंग्लैंड औद्योगिक क्षेत्र	–	यू.एस.ए.

✷ सत्य कथन है

–खोई को, ऊर्जा उत्पादन के लिए जैव मात्रा ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है; शीरे को, एथनॉल उत्पादन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

✷ कागज लुग्दी बनाने हेतु, काष्ठीय कच्चा पदार्थ के रूप में प्रयुक्त किया जाता है **–पोपलर**

✷ बाजार आधारित लौह एवं इस्पात के कारखाने पाए जाते हैं

–जापान में

✷ कथन सही है

–ओसाका को पूर्व का मानचेस्टर कहा जाता है, जापान के सभी लोहा इस्पात उद्योग केंद्र दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में स्थित हैं, जापान का उत्तरी क्यूशू क्षेत्र ऑटोमोबाइल के लिए प्रसिद्ध है।

✷ जोहॉन्सबर्ग, न्यूयॉर्क, लंदन एवं सिंगापुर में धातु के व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र है **–लंदन**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (उद्योग)		सूची-II (स्थान)
कागज	-	ओन्टेरियो
रासायनिक	-	टेक्सास
मोटर-कार	-	नागोया

परिवहन

✷ **कथन (A) :** संसार में उत्तरी अटलांटिक नौ-परिवहन मार्ग सबसे अधिक व्यस्त समुद्री मार्ग है।
कारण (R) : वह संसार के दो मुख्य औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है।
–(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

✷ संसार का सर्वाधिक व्यस्त महासागरीय मार्ग है **–उत्तरी अटलांटिक महासागर**

✷ दिल्ली से टोक्यो तक की उड़ान में हवाई पत्तन आते हैं– **– बैंकॉक, हनोई, हांगकांग, ताइपे**

✷ पर्थ से लंदन तक का लघुतम वायुमार्ग है **–पर्थ, मुंबई, रोम, लंदन**

✷ लुफ्थांसा विमान सेवा है- **–जर्मनी की**

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I (रेलमार्ग)		सूची-II (शहर)
यूरोपीय पार-महाद्वीपीय रेल	–	पेरिस से वारसा
पार-एंडीज रेल	–	वालपरैजो से ब्यूनस आयर्स
पार-साइबेरिया रेल	–	सेंट पीटर्सबर्ग (लेनिनग्राड) से ब्लादिवोस्टक
ओरिएंट एक्सप्रेस	–	पेरिस से इस्तांबुल

✷ कैनेडियन पैसिफिक रेलवे जिन दो स्टेशनों के बीच चलती है, वह है **–मॉन्ट्रियल एवं वैंकूवर**

✷ तीव्रगामी रेलों के लिए निर्मित भूमिगत 'यूरो सुरंग' द्वारा जुड़ने वाले देश हैं **–इंग्लैंड एवं फ्रांस**

✷ सीकान नामक लंबी रेल-सड़क सुरंग स्थित है **–जापान में**

पत्तन/बंदरगाह

✷ जापान का सबसे व्यस्त समुद्रपत्तन है **–योकोहामा**

✷ ऑस्ट्रेलिया का पत्तन नगर नहीं है **–कैनबरा**

✷ विश्व का सबसे बड़ा पोताश्रय है **–शंघाई**

✷ पोतभार टनमान की दृष्टि से विश्व का व्यस्ततम बंदरगाह है **–शंघाई**

✷ वेनेजुएला में तेल पत्तन के रूप में विकसित किया गया है **–मरकैबो पत्तन**

✷ अलेक्जेंड्रिया समुद्रपत्तन है **–मिस्र का**

✷ पोर्ट डायमंड अवस्थित है **–दक्षिण अफ्रीका में**

✷ वह बंदरगाह जिसे विश्व के 'कॉफी बंदरगाह' (Coffee Port) के रूप में जाना जाता है **–सैन्टोस**

✷ विश्व का सबसे बड़ा जहाज निर्माता देश है **–चीन**

✷ ग्वादर पत्तन अवस्थित है **–पाकिस्तान में**

✷ सही सुमेलित है-

बंदरगाह		देश
राटरडम	–	नीदरलैंड्स
इगार्का	–	रूस
माण्टेवीडियो	–	उरुग्वे
जकार्ता	–	इंडोनेशिया

मानचित्रण

✷ समदाब रेखाओं को दर्शाने वाला दैनिक मौसम मानचित्र उदाहरण है **–सममान रेखा मानचित्र (Isopleth) का**

✷ आइसोगोनिक रेखाएं हैं **–समान चुंबकीय झुकाव वाली रेखाएं**

✷ जल के अंदर समान गहराई के बिंदुओं को मिलाकर खींची जाने वाली रेखा कहलाती है **–आइसोबाथ**

✷ उच्चावच दिखाने का सबसे सही तरीका है **–समोच्च रेखा द्वारा**

विविध

✷ संसार के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मत्स्ययन क्षेत्र उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहां **–कोष्ण तथा शीत सागरीय धाराएं मिलती हैं।**

✷ ग्रैंड बैंक स्थित है **–उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट पर**

✷ भूगोल में नव-नियतिवाद के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था **–जी. टेलर ने**

✷ अपनी पुस्तक ''इन्ट्रोड्यूसिंग कल्चरल ज्यॉग्राफी'' में जे.ई. स्पेन्सर एवं डब्ल्यू.एल. टॉमस ने विश्व को विभाजित किया है **–11 सांस्कृतिक प्रदेशों में**

✷ युग्म सुमेलित है-

मधेसी	:	नेपाल
रोहिंग्या	:	म्यांमार

✷ सही कथन है- **–क्यूबा को विश्व का 'चीनी का कटोरा' कहा जाता है, हांगकांग चीन का विशिष्ट प्रशासनिक प्रदेश है, ऑस्ट्रेलिया एक संघीय राज्य है।**

✷ समान वर्षा वाले क्षेत्र को जोड़ने वाली रेखा कही जाती है **–आइसोहाइट**

✷ सही कथन है-

–भौमिक मील की दूरी समुद्री मील से कम होती है।

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
अर्जेंटीना	-	पम्पास
कनाडा	-	मनीटोबा
मोरक्को	-	एटलस पर्वत
द. अफ्रीका	-	किम्बर्ले

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I	**सूची-II**
ध्रुवतारा	उत्तर दिशा
पृथ्वी	गुरुत्वाकर्षण
ग्रीनलैंड	आर्कटिक महासागर
विस्फोट	ध्वनि

✷ सही सुमेलन है-

सूची-I		**सूची-II**
(भौगोलिक स्वरूप)		**(देश)**
ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल	–	ऑस्ट्रेलिया
ग्रैंड कैन्यन	–	यू.एस.ए.
लेक विनीपेग	–	कनाडा
दक्षिणी आल्प्स	–	न्यूजीलैंड

✷ विश्व में पहला परमाणु बिजलीघर स्थापित किया गया था **–अमेरिका में**

✷ सही सुमेलन है-

साइकन रेल सुरंग	-	जापान
पेट्रोनास टॉवर्स	-	मलेशिया
अप्पलेशियन पथ	-	यू.एस.ए.
रोगन बाँध	-	तजाकिस्तान

✷ 'बरमूडा त्रिभुज' अवस्थित है **–पश्चिमी-उत्तरी अटलांटिक महासागर में**

✷ बरमूडा त्रिकोण विस्तृत है **– बरमूडा, दक्षिणी फ्लोरिडा (मिपामी) प्यूर्टोरिको** में

✷ सही सुमेलन है

सूची-I		**सूची-II**
स्वर्णिम त्रिकोण	-	दक्षिण-पूर्व एशिया का अफीम उत्पादक क्षेत्र
बरमुडा त्रिकोण	-	उत्तरी अटलांटिक महासागर के पश्चिमी भाग का एक क्षेत्र
सुदूर पूर्व का चावल का कटोरा	-	म्यांमार
रेड बेसिन	-	चीन

✷ संयुक्त राज्य अमेरिका उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र अवस्थित है **–केप केनेडी में**

✷ वह देश जिसके उपग्रहों से अंटार्कटिका का विस्तृत एवं संपूर्ण मानचित्र बनाने में सहायता मिली है **–कनाडा**

✷ विश्व में मदिरा का बृहत्तम उत्पादक है **–फ्रांस**

✷ पेड़ की आयु का पता लगाया जा सकता है **–उसके धड़ पर वलयों की संख्या की गणना करके**

✷ कोपाक्बाना पुलिन अवस्थित है **–रियो डी जेनेरियो में**

✷ विश्व की सबसे ऊंचाई पर स्थित दूरबीनी वेधशाला है **–भारत में**

✷ यूरोपीय संघ का मुख्यालय अवस्थित है **–ब्रुसेल्स में**

✷ अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन का मुख्यालय स्थित है **–लंदन में**

✷ सही सुमेलन है-

(संस्था)		**(नगर)**
अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास सोसायटी	-	जेनेवा
अंतरराष्ट्रीय न्यायालय	-	द हेग
यूरोपीय आर्थिक समुदाय	-	ब्रुसेल्स
खाद्य एवं कृषि संगठन	-	रोम

✷ पूर्व की ओर देखो नीति के संदर्भ में सत्य कथन है-

–भारत पूर्वी एशियाई मामलों में स्वयं को एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय नायक के रूप में स्थापित करना चाहता है, भारत अपने दक्षिण-पूर्वी तथा पूर्वी एशियाई पड़ोसियों के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध पुनःस्थापित करना चाहता है।

✷ कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा के लिए वीजा लेना पड़ता है, क्योंकि यह स्थित है **–चीनी तिब्बत में**

✷ ऑस्ट्रेलियावासी क्रिसमस मनाते हैं **–गर्मी के मौसम में**

✷ वह देश जिसको आसियान में केवल वार्ता भागीदार का दर्जा प्राप्त है **–भारत**

✷ सार्क का मुख्यालय है **–काठमांडू में**

✷ 'लीनिंग टॉवर ऑफ पीसा' स्थित है **–इटली में**

✷ 'एलेसी पैलेस' स्थित है **–फ्रांस में**

✷ उड़ाका पक्षियों में सबसे ऊंचे कद वाला है **–सारस**

✷ सबसे अधिक डाकघर वाला देश है **–भारत**

✷ चेर्नोबिल परमाणु आपदा घटित हुई थी **–यूक्रेन में**

✷ 'लीप फॉरवर्ड पॉलिसी' के कारण भुखमरी से लाखों लोगों की मृत्यु हुई थी **–चीन में**

✷ नाभिकीय शक्ति क्षमता की दृष्टि से प्रमुख देशों का क्रम है **–संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन**

✷ भारत में ऊर्जा उत्पादन की कुल प्रतिष्ठापित क्षमता में उनके प्रतिशतांश (30 सितंबर, 2017) के अनुसार, अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए **–जल, प्राकृतिक गैस, नाभिकीय, डीजल**

✷ ''40 कबीलों का देश'' कहा जाता है **–किर्गिजस्तान को**

✷ एड्रियाटिक सागर की रानी के नाम से जाना जाता है **–वेनिस शहर को**

GHATNA CHAKRA
घटना चक्र
DOWNLOAD
TELEGRAM GROUP
घटना चक्र FREE PDF

अगर आप घटना चक्र या दृष्टि की कोई भी स्टडी मटेरियल [PDF] डाउनलोड करना चाहते हैं तो इस टेलीग्राम ग्रुप को ज्वाइन कर लीजिये | - CLICK

Join us on Telegram

Telegram पर @GhatnaChakraPDF ग्रुप ज्वाइन करने के लिए यहाँ CLICK कीजिये
Telegram पर @GhatnaChakraPDF ग्रुप ज्वाइन करने के लिए यहाँ CLICK कीजिये
Search @GhatnaChakraPDF on Telegram